# भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
## शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

**Website:www.bsgmp.net,** E_bsgmadhyapradesh@gmail.com, **Phone ✆: 2661263, Fax: 2737446**


---

पत्र क्र0 / 4945 / रामु / गतिविधि / समीक्षा बैठक / 2013 भोपाल, दिनांक 08 / 11 / 2013

प्रति,

1 समस्त सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
संभागीय कार्यालय ......................................................(म0प्र0) ।

2 जिला संगठक (स्काउट / गाइड)
जिला संघ ..............................................................(म0प्र0) ।

विषय :– **संगठनाधिकारियों (ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0) / प्रशिक्षक की समीक्षा बैठक का आयोजन ।**

सन्दर्भ :– सत्र 2013–2014 राज्य के वार्षिक कार्यक्रमानुसर

–0–

संगठनाधिकारियों ए0एस0ओ0सी0 / डी0ओ0सी0 (संविदा / मानसेवी) / प्रशिक्षक की समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 20 से 22 नवम्बर 13 तक, राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल किया जा रहा है ।

1 दिनांक 20–21 नवम्बर 2013 को प्रातः 9 बजे तक डी0ओ0सी0 (स्काउट / गाइड) के लिये
2 दिनांक 21, 22 नवम्बर 2013 को प्रातः 9 बजे तक ए0एस0ओ0सी0 (स्काउट / गाइड) के लिये
3 22 नवम्बर 2013 को 9 बजे तक प्रशिक्षक (लीडर ट्रेनर / सहायक लीडर ट्रेनर (स्का0 / गा0)

**बैठक का एजेण्डा निम्नवत् है :–**

1 गत बैठक दिनांक 4 से 6 जुलाई 2013 का घटकवार का पालन प्रतिवेदन (संभागवार प्रस्तुती)
2 माह जुलाई 2013 से अक्टूबर 2013 तक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रमों की सहभागिता पर चर्चा ।
3 संभाग व जिला स्तरीय कार्यक्रमों की समीक्षा (जिलेवार) का संभागवार प्रस्तुतिकरण ।
4 चयनित 20 दलों की चयन सूची का प्रस्तुतीकरण ।
5 दल गठन अभियान 2013 सभी जिलो के शास0 / अशास0 स्कूलों की संख्या साथ लावें ।
6 जिलों में आयोजित विभिन्न समितियों की बैठक की जानकारी व कार्यवाही विवरण की जानकारी साथ लावें ।
7 ग्रेडिंग पर चर्चा ।
8 दल पंजीयन लक्ष्य पूर्ति पर चर्चा ।
9 पत्रिका जानकारी –
 1 बालचर रवि पत्रिका के वार्षिक एवं आजीवन सदस्यता में हुई वृद्धि की जानकारी
 2 पत्रिका के लिये विज्ञापन प्रकाशन की जानकारी ।
10 भण्डार (साजसज्जा) कक्ष की निम्नानुसार जानकारी–
 1 विक्रय राशि भेजने की जानकारी (लक्ष्यपूर्ति सहित) एवं जिला स्तर पर शॉप संचालन पर चर्चा
 2 भण्डार सामग्री भौतिक सत्यापन की जानकारी ।
 3 सामग्री की मॉग पत्र सूची एवं ड्राफ्ट ।
 4 सत्र 2012–2013 के डायरी, कलेण्डर व स्टीकर विक्रय की स्थिति विवरण एवं राशि की जानकारी ।
 5 मोबाईल शॉप के संबंध में कृतकार्यवाही एवं शिविरों में शॉप भेजने की जानकारी ।
11 युवा व वयस्क शिविरों के प्रस्ताव / सूची :–
 1 राज्य शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत वयस्क शिविरों के प्रस्ताव – बेसिक कब मास्टर / स्काउट मास्टर प्रशिक्षण शिविर के प्रस्ताव व प्रतिभागियों की सूची बेसिक फ्लाक लीडर / गाइड केप्टिन एवं एडवांस कब मास्टर / स्काउट मास्टर / फ्लाक लीडर / गाइड केप्टिन प्रशिक्षण शिविर हेतु प्रतिभागियों की सूची ।

वयस्क प्रशिक्षण हेतु लक्ष्य प्रति जिला निम्नानुसार है :–

| क्रम | कोर्स का नाम | स्का0मा0 | कब मा0 | गा0के0 | फ्ला0ली0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेसिक | 5 | 2 | 5 | 2 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | एडवांस | 3 | 2 | 2 | 2 |

2 पेट्रोल लीडर केम्पुरी हेतु लक्ष्य प्रति जिला 4 स्काउट, 4 गाइड के नामों की सूची विद्यालय के नाम सहित ।

3 स्काउटर–गाइडर सेमीनार हेतु लक्ष्य प्रति जिला 4 स्काउटर / गाइडर की सूची ।

4 कब–बुलबुल उत्सव हेतु लक्ष्य प्रति जिला 4 कब, 4 बुलबुल के नामों की सूची ।

5 सेल्फडिफेन्स (जूडो–कराते) प्रशिक्षण हेतु लक्ष्य प्रति जिला 4 गाइड–गाइडर,रेंजर–रेंजर लीडर की सूची

6 राज्यपाल स्काउट–गाइड रैली हेतु चयनित स्काउट–गाइड सूची अनुसार ।

7 राज्य स्तरीय स्काउट–गाइड रैली हेतु लक्ष्य प्रति जिला 15 स्काउट, 15 गाइड की सूची ।

8 राज्य शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत प्राथमिक / माध्यमिक विद्यालय के पंजीकरण / नवीनीकरण हेतु सूची जिलेवार एवं चार्टर जारी करने का विवरण साथ लावें ।

9 राज्य शिक्षा केन्द्र अन्तर्गत प्रति संभाग 4 आदर्श दलों की सूची जिसमें एक प्राथमिक बालक विद्यालय, एक प्राथमिक कन्या, एक माध्यमिक बालक, एक माध्यमिक कन्या इस प्रकार कुल 4 दल जिन्हें यूनिफार्म प्रदाय की जाना है ।

10 विगत माह में सम्पन्न बेसिक / एडवांस कोर्स, पेट्रोल लीडर, द्वितीय सोपान प्रशि0 / जांच शिविर, तृतीय सोपान जांच शिविर, द्वितीयचरण / रजतपंख, तृतीयचरण / स्वर्णपंख जांच, प्रविण रोवर–रेंजर प्रशिक्षण शिविर का प्रतिवेदन, हिसाब एवं विकास+विशेष शुल्क की 50 प्रतिशत राशि की जानकारी ।

12 निर्वाचन– जिला / विकास खण्ड संघ गठन पर चर्चा एवं जानकारी साथ लावें ।

13 लेखा शाखा की जानकारी–

1 मासिक आय–व्यय पत्रक विलम्ब से प्राप्त हो रहा है अतः ऐसी व्यवस्था करें कि आय–व्यय पत्रक, बैक खाता क्रमांक, माह अन्त का शेष, पासबुक, रोकड़ शेष, बैक समाधान पत्रक प्रतिमाह निर्धारित तिथि 5 तारीख तक राज्य मुख्यालय को प्राप्त हो ।

2 शिविर लेखा शिविर आचार संहिता अनुसार निर्देश देने के बाद भी कोई न कोई कमी रहती है अतः आय–व्यय पत्रक निर्धारित प्रपत्र में व्हाउचर पर प्रमाणीकरण एवं व्हाउचर की सूची के साथ शिविर लेखा भेजे ।

3 अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर किसी भी स्तर पर न तो ध्यान दिया जा रहा है और न ही कंडिका निराकरण की ओर ध्यान दिया जा रहा है । अतः प्रत्येक अंकेक्षण की कुल कंडिका एवं निराकृत कंडिका की प्रतिवेदन अनुसार जानकारी साथ लावे ।

एजेण्डा अनुसार समस्त जानकारी ई–मेल से दिनांक 15 नवम्बर 2013 तक अनिवार्य रूप से राज्य मुख्यालय को भेजे ताकि समीक्षा की जा सके । मानसेवी डी0ओ0सी0 (स्काउट / गाइड) के यात्रादेयक की राशि संबंधित जिला संघ से देय होगा एवं राज्य मुख्यालय निःशुल्क आतिथ्य रहेगा ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

पृ0क्र0 / 4946 / रामु / गतिविधि / समीक्षा बैठक / 2013 भोपाल, दिनांक 08 / 11 / 2013

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

1 राज्य मुख्य आयुक्त राज्य मुख्यालय भोपाल ।

2 जिला शिक्षा अधिकारी / सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास पदेन जिला कमिश्नर (स्काउट / गाइड) जिला .......................................................(म0प्र0) ।

3 समस्त शाखा प्रभारी राज्य मुख्यालय भोपाल ।

4 समस्त कक्ष राज्य मुख्यालय भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश